
# यूपी में बिजली उत्पादन दस फीसदी बढ़ा

**उपलब्धि**

लखनऊ, विशेष संवाददाता। उत्तर प्रदेश ने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। ओबरा-सी 2×660 मेगावाट पावर प्लांट की पहली इकाई से मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे पूरी क्षमता से बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया गया। इस इकाई से उत्पादन शुरू होने के साथ ही यूपी की अपनी बिजली की उत्पादन क्षमता में 10 फीसदी की वृद्धि हो गई है। अगले 72 घंटे तक उत्पादन सुचारू रहा तो इसे कमीशन मान लिया जाएगा।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बुधवार को बताया है एटा की जवाहरपुर पॉवर प्लांट की पहली इकाई से 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन भी अगले तीन-चार दिन में शुरू कर दिया जाएगा। जवाहरपुर की 660 मेगावाट की दूसरी इकाई से भी फरवरी 2024 तक उत्पादन शुरू कर दिया जाएगा।



- **अगले 72 घंटे उत्पादन चला तो कमीशन मान लेंगे**
- **दो और इकाइयों से भी जल्द शुरु हो जाएगा उत्पादन**

## ओबरा की इकाई को ग्रिड से जोड़ा गया

ओबरा सी की 660 मेगावाट क्षमता की इस यूनिट को 765 केवी अनपरा 'डी' उन्नाव पारेषण लाइन से जोड़कर सिंक्रोनाइज किया गया है। जिससे ग्रिड में 660 मेगावाट बिजली पहुंचने लगी है। पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि राज्य में विद्युत उपलब्धता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

## गर्मियों के लिए की जा रही है अभी से तैयारी

चेयरमैन ने कहा है कि गर्मियों में बिजली की मांग बढ़ेगी। जिसे ध्यान में रखते हुए निर्माणाधीन इकाइयों को जल्द उत्पादन शुरू करने की तैयारी है। ओबरा परियोजना सोनभद्र जनपद में स्थित है। यहां पर 660-660 मेगावाट क्षमता की दो नई इकाइयों का निर्माण चल रहा था, जिसमें से पहली इकाई को उत्पादन से जोड़ दिया गया है।

# यूपी देश में सबसे अधिक बिजली देने वाला राज्य बना

लखनऊ,विशेष संवाददाता। पीक आवर्स में सबसे अधिक बिजली की आपूर्ति करने वाला यूपी अब देश का पहला राज्य बन गया है। 2023-24 में नवंबर तक यूपी में पीक आवर्स में सबसे अधिक 28284 मेगावाट बिजली की सप्लाई कर देश का शीर्ष राज्य बना। अब तक यह रिकार्ड महाराष्ट्र के नाम हुआ करता था।

यह जानकारी उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बुधवार को मीडिया को दी।

| राज्य | वर्ष 2023-24 | अधिकतम मांग | अधिकतम आपूर्ति |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | अप्रैल 2023-नवंबर 2023 | 28704 मेगावाट | 28284 मेगावाट |
| महाराष्ट्र | अप्रैल 2023-नवंबर 2023 | 31178 मेगावाट | 27996 मेगावाट |
| गुजरात | अप्रैल 2023-नवंबर 2023 | 24829 मेगावाट | 24544 मेगावाट |
| तमिलनाडु | अप्रैल 2023-नवंबर 2023 | 19045 मेगावाट | 19045 मेगावाट |
| राजस्थान | अप्रैल 2023-नवंबर 2023 | 17956 मेगावाट | 17840 मेगावाट |